G.C.M.S.
2021/801

फर्द अहकाम
(नियम– 26)

आज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम नीमकाथाना
मुकदमा प्रार्थना पत्र धारा 131 व 132 भू.रा.अधि.बाबत रास्ता 358 नं. सन् 2021

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए
02/09/2021	माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा बजट घोषणा 2015–16 के परिपेक्ष्य में राजस्व (ग्रुप–6) विभाग, राजस्थान जयपुर के परिपत्र कमांक प. 3 (2) राज–6/ 2003 / पार्ट/जयपुर दिनांक 10.8.2016 की पालना में तहसीलदार, नीमकाथाना के पत्रांक भू.अ./2021/3022 दिनांक 24.08.2021 द्वारा आवागमन हेतु सार्वजनिक उपयोग में आ रहे रास्तों का राजस्व अभिलेख में अंकन करने राजस्व ग्राम गणेश्वर पटवार मण्डल गणेश्वर तहसील नीमकाथाना में प्रचलित रास्तो का राजस्व रिकार्ड में अंकन हेतु प्रस्ताव मय राजस्व रिकार्ड एवं नक्शा ट्रैस, मौका पर्चा के प्राप्त हुआ है। मुताबिक रिपोर्ट 'रास्ता भूदौली गणेश्वर मुख्य सड़क से ढाणी बायका की तरफ जाता है। रास्ता काफी वर्षो से प्रचलित है एवं कदीमी है। इस रास्ते की चौड़ाई चार मीटर है । यह रास्ता ग्राम गणेश्वर की भूमि ख0न0 809,810, 695, 693, 697, 706, 699, 704, 689, 690, 688, 684, 677 से होकर गुजर रहा है। यह रास्ता उक्त खसरा नम्बरो में मौके पर चालू है लेकिन रास्ते का राजस्व रिकार्ड में अंकन नही है। रास्ते की चौडाई 5 मीटर है। ग्राम पंचायत गणेश्वर की ग्राम सभा दिनांक 16.10.2020 के प्रस्ताव संख्या 09 के द्वारा इस रास्ते का राजस्व रिकार्ड में अंकन करवाये जाने बाबत प्रस्ताव लिया गया है। प्रस्तावित रास्ते को नक्शा ट्रेस में लाल स्याही (डोटेड लाईन) द्वारा दर्शाया गया है। उक्त रास्ते बारहमासी प्रचलित है। राजस्व रिकार्ड में उक्त रास्ते कि किस्म गै.मु.रास्ता दर्ज करने एवं लाल स्याही से अंकन करने के आदेश जारी करने हेतु प्रस्तावित किया गया है । प्रस्ताव के साथ ग्राम पचायत गणेश्वर का मांग पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, प्रस्ताव सं. 09 दिनांक 16.10.2020 की नकल व रास्ते के फोटोग्राफ पेश किये है। पत्रावली दर्ज रजिस्टर कि जावें। पत्रावली व प्रस्तुत रिकार्ड का अवलोकन किया गया। राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 131 व 132 तथा राजस्थान भू–राजस्व–अभिलेख नियम 1957 के नियम 58, 59, 60, व 66 के प्रावधानों के अनुसार तहसीलदार, नीमकाथाना के द्वारा अभिशंसित संलग्न प्रस्ताव अनुसार राजस्व अभिलेख व नक्शा ट्रैस में दर्ज खातेदारान की खातेदारी भूमि में से प्रस्तावित रास्ते को गैर मुमकिन रास्ते के रूप में दर्ज किये जाने का आदेश दिया जाता है। संलग्न प्रस्ताव व नक्शा ट्रैस के अनुसार ग्राम गणेश्वर पटवार हल्का गणेश्वर तहसील नीमकाथाना की भूमि ख0न0 809 में से 0.0048 है. ख. न. 810 में से 0.0176 है. व 0.0872 है. ख.न. 695 में से 0.0072 है. व 0.0008 है. , ख.न. 693 में से 0.0080 है. ख.न. 697 में से 0.0176 है. ख.न. 706 में से 0.0020 है. ख.न. 699 में से 0.0192 है. ख.न0 704 में से 0.0352 है. ख.न. 689 में से 0.0048 है. व 0.0072 ख.न. 690 में से 0.0184 है. ख.न. 688 में से 0.0960 है. ख.न. 684 में से 0.0208 है. ख.न. 677 में से 0.0576 है. भूमि का राजस्व अभिलेख मे जरिए नामान्तकरण रास्ता पृथक दर्ज करते हुये रास्ते के रकबा को [illegible] किया जावें एवं प्रस्तावित नक्शे अनुसार ही नक्शे में तरमीम की [illegible] मुमकिन रास्ते की भूमि संबंधित खातेदार के खाते में [illegible] एवं तहसील[illegible] नीमकाथाना द्वारा भेजा गया प्रस्ताव व नक्शा ट्रेस आदेश [illegible] राजस्व अभिलेख में अमल दरामद हेतु तहसीलदार, नीमकाथाना को [illegible] जारी की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो। (बृजेश कुमार) उपखण्ड अधिकारी, नीमकाथाना (बृजेश कुमार) उपखण्ड अधिकारी नीमकाथाना (सीकर)	

Signature Not Verified
Digitally signed by Rajveer Singh Yadav
Date: 2024.11.27 16:29:24 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner